# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (05.05.2025)

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:05.05.2025, PAGE-04

# बीआरएबीयू के कालेजों में अतिरिक्त वर्गकक्ष का कराया जाएगा निर्माण

**25 कालेजों के प्राचार्य उच्च शिक्षा विभाग में बुलाई गई बैठक में देंगे प्रेजेंटेशन**

**च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम की जरूरत के अनुसार नए क्लासरूम से लेकर आधारभूत संरचना बनाए जाने की जरूरत**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कालेजों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम लागू होने के बाद अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही महाविद्यालयों में आधारभूत संरचना से लेकर अन्य बुनियादी आवश्यकताओं को बेहतर किया जाएगा। च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू होने के बाद महाविद्यालयों में शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना निर्माण, जीर्णोद्धार से लेकर स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था होनी है। इसको लेकर सोमवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 25 कालेजों के प्राचार्य बुनियादी सुविधाएं समेत अन्य बिंदुओं पर अपना प्रस्तुति देंगे। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग में बैठक बुलाई गई है। इसमें सभी प्राचार्यों को महाविद्यालयों के लिए उपलब्ध भूमि, प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य द्वार तक परसिर का वीडियो, प्रशासनिक भवन, वर्गकक्ष, लैब, पुस्तकालय का रिकार्डेड वीडियो उपलब्ध कराना है। कालेज में वर्गकक्ष की संख्या, निर्मित भवन, जीर्णोद्धार की आवश्यकता, नवनिर्माण की आवश्यकता समेत अन्य बिंदु शामिल हैं। एक अप्रैल 2025 तक कालेज खाते में उपलब्ध राशि का विवरण भी बैठक में प्रस्तुत करना है। कालेजों को अधिकतम 12 स्लाइड में यह जानकारी उपलब्ध करानी है। अगर महाविद्यालय के पास उपलब्ध विकास निधि को खर्च नहीं किया जा रहा है तो इसका कारण भी महाविद्यालयों को बताना होगा। बताया जा रहा है कि इस आधार पर कालेजों में बेहतर पठन- पाठन के संचालन के लिए आधारभूत संरचना के निर्माण और अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग के सचिव की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को निर्देश जारी कर पटना में होने वाली बैठक में प्राचार्यों को उपस्थित होने का निर्देश दिया था।



### कालेजों को इन बिंदुओं की जानकारी करानी है उपलब्ध

शिक्षकों की संख्या, गेस्ट फैकल्टी की संख्या, छात्रों का नामांकन, उपस्थिति, कालेज में संचालित परंपरागत कोर्स की संख्या, वोकेशनल कोर्स की संख्या, इंटर्नशिप प्रोग्राम की जानकारी, स्वयं पोर्टल के तहत संचालित हो रहे कोर्स की जानकारी, नामांकन के बाद भी शिक्षक उपलब्ध नहीं होने वाले विषयों की संख्या, क्लासरूम की जानकारी, अतिरिक्त वर्गकक्ष की आवश्यकता, कंप्यूटर लैब की संख्या, स्मार्ट क्लासरूम की संख्या, कंप्यूटर की संख्या, स्टूडेंट - कंप्यूटर रेशियो, छात्रों के लिए संचालित कंप्यूटर की संख्या, नए भवन के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, कालेज के अतिक्रमित भूमि की जानकारी, कालेजों में पिछली बार आडिट कब हुआ समेत अन्य जानकारी।

### इन कालेजों के प्राचार्य होंगे शामिल

- एमजेके कालेज बेतिया
- आरएलएसवाई कालेज बेतिया
- राजकीय डिग्री महाविद्यालय प. चंपारण
- वीएमडी कालेज दयालपुर
- डीसी कालेज हाजीपुर
- जेएल कालेज हाजीपुर
- आरपीएस कालेज चकेयाज
- जेए कालेज चंदौली
- जीवछ कालेज मोतीपुर
- एलएनटी कालेज
- आरसी कालेज सकरा
- रामेश्वर कालेज
- एसआरपीएस कालेज जैतपुर
- एमपीएस साइंस कालेज
- नीतीश्वर कालेज

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:05.05.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स में केंद्रीकृत होगी नामांकन की प्रक्रिया

- विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव, वीसी के आदेश पर खुल सकता पोर्टल
- अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है आवेदन की प्रक्रिया
- इंटर उत्तीर्ण विद्यार्थी प्रतिदिन आवेदन के लिए कॉलेजों में कर रहे पूछताछ

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू के विभिन्न कॉलेजों में संचालित दो दर्जन से अधिक वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए इस बार आवेदन की प्रक्रिया केंद्रीकृत तरीके से होगी.

विवि सैद्धांतिक कोर्स की तरह ही सीधे अपने पोर्टल पर आवेदन लेगा. विद्यार्थियों से तीन-तीन कॉलेजों का विकल्प मांगा जायेगा. इसके बाद प्रवेश परीक्षा आयोजित की जायेगी. इसके परिणाम के आधार पर मेधा सूची तैयार होगी. विवि की ओर से आवंटित कॉलेज में विद्यार्थियों को दाखिला लेना होगा. इसको लेकर सीसीडीसी कार्यालय की ओर से प्रस्ताव तैयार किया गया है. इसे कुलपति के पास भेजा गया है. वीसी के आदेश के बाद पोर्टल खोला जा सकता है. बीबीए, बीसीए, बीएमसी, सीएनडी, आइएमबी समेत दो दर्जन से अधिक कोर्स में दाखिले के लिए इस सत्र में इंटर उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थी लगातार कॉलेजों में दाखिले के लिए पूछताछ कर रहे हैं. अबतक कॉलेजों में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाती थी, लेकिन इसबार केंद्रीकृत नामांकन की व्यवस्था होने के कारण अबतक आवेदन शुरू नहीं हो सका है. सीसीडीसी डॉ मधु सिंह ने बताया कि वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन की प्रक्रिया अगले सप्ताह से शुरू होने की उम्मीद है. इसबार केंद्रीकृत आवेदन होगा और प्रवेश परीक्षा ली जायेगी. बता दें कि पांच हजार से अधिक सीटों पर वोकेशनल कोर्स में दाखिला लिया जाता है. पिछले सत्र में वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए विलंब से मान्यता मिलने के कारण नामांकन प्रभावित हुआ था. ऐसे में कॉलेजों की ओर से नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की जा रही है.



### प्री-लॉ कोर्स में दाखिले को पोर्टल खुलने का इंतजार

विवि के तहत आने वाले आधा दर्जन से अधिक कॉलेजों में प्री-लॉ कोर्स का संचालन होता है. इसमें इंटर उत्तीर्ण विद्यार्थी दाखिला लेते हैं. पिछले सत्र से इस कोर्स में भी प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन की प्रक्रिया हो रही है. पिछले सत्र में जिन कॉलेजों को बार काउंसिल से मान्यता थी, नये सत्र में कई कॉलेजों को मान्यता नहीं है. ऐसे में उन कॉलेजों का नाम पोर्टल पर रखना है या नहीं. इसको लेकर बार काउंसिल के पत्र का इंतजार हो रहा है. कोर्स में दाखिले के लिए भी विद्यार्थियों की लगातार जिज्ञासा है.

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR,
MUZAFFARPUR
DATE: 05.05.2025
PAGE-04

## तय समय में पूरा कर लें मूल्यांकन : वीसी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के सामाजिक विज्ञान भवन में चल रहे स्नातक की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन का वीसी प्रो दिनेश चंद्र राय ने निरीक्षण किया. उनके साथ विवि के कुलानुशासक प्रो बीएस राय व मूल्यांकन निदेशक डॉ दिलीप कुमार भी थे. वीसी ने मूल्यांकन की प्रगति, शिक्षकों की उपस्थिति व केंद्र की अन्य व्यवस्था की जानकारी ली. सभी शिक्षकों को समयबद्ध व निष्पक्ष मूल्यांकन के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने कॉपियों की जांच प्रक्रिया की गति व पारदर्शिता की सराहना की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. कहा कि तय समय में मूल्यांकन पूरा करा लें ताकि ससमय इसका परिणाम जारी किया जा सके. निरीक्षण के दौरान मूल्यांकन में संलग्न प्रो सतीश, डॉ सीमा, डॉ नवल आदि उपस्थित थे.

